बरेली, रविवार
26 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO:06 TOP

# नृत्य प्रतियोगिता 'कल के कलाकार' में आद्या और माही रहीं अव्वल

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (25 April)**:एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल एवं युवा महोत्सव की दूसरी कड़ी में सोलो डांस कंपटीशन 'कल के कलाकार' का आयोजित हुआ. इसमें जूनियर वर्ग में हार्टमैन कालेज की आद्या पटेल और सीनियर वर्ग में रिद्धिमा की माही कटारिया ने पहला पुरस्कार प्राप्त किया. सभी विजयी प्रतिभागियों को एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.रिद्धिमा में आयोजित बाल एवं युवा महोत्सव की दूसरी कड़ी सोलो डांस कंपटीशन 'कल के कलाकार' में शामिल होने बरेली मंडल से 20 स्कूल - कॉलेज एवं ईंस्टिट्यूट से कुल 52 प्रतिभागी पहुंचे. सभी ने अपनी नृत्य प्रतिभा से का अद्भुत प्रदर्शन किया. निर्णायक मंडल में शामिल देविशा मूर्ति, रुचि शाह और डा. आशीष कुमार ने प्रतियोगियों का मूल्यांकन किया.

नृत्य प्रतियोगिता के विनर कलाकारों का किया गया सम्मान.

## गौतम बुद्ध विवि ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया

सीनियर वर्ग मे माही कटारिया (रिद्धिमा) ने पहला पुरस्कार, नित्या जैन (रिद्धिमा) ने दूसरा और त्वरा आर्या (गौतम बुद्ध विवि) ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया. कार्यक्रम मे ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता मौजूद रहीं. रिद्धिमा के सेंटर हेड ने कहा कि बाल एवं युवा महोत्सव की अगली कड़ी के रूप में पहली मई को बैंड वार 'इलेक्ट्रा', 8 मई को थिएटर कंपटीशन 'स्टेज स्पार्क', 15 मई को चित्रकला वर्कशाप एवं प्रतियोगिता 'रंगोदय', 22 मई को फोटोग्राफी वर्कशॉप एवं प्रतियोगिता 'इंस्टा रील्स' का आयोजन किया जाएगा.